प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

22.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने इस वर्ष के अंत तक प्रदेश को ग्रीन एनर्जी स्टेट बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत राज्य की 90 प्रतिशत अधिक ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से की जाएगी। मुख्यमंत्री शिमला में ऊर्जा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है ताकि हिमाचल को स्वच्छ आत्मनिर्भर और पर्यावरण अनुकूल राज्य के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार अब भू–तापीय ऊर्जा के उपयोग की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भू–तापीय उर्जा के उपयोग से लकड़ी और जीवाश्म ईंधनों की खपत में उल्लेखनीय कमी आएगी। इससे वनों की कटाई पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

विक्रमादित्य

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के जाठिया देवी में नया शहर बसाने के लिए स्थानीय लोगों की इच्छा के विरूद्ध एक इंच भूमि का अधिग्रहण भी नहीं किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों के हितों की रक्षा करना उनका दायित्व है। उन्होंने आश्वस्त किया कि अधिग्रहण प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी।

इसमें मैंने बिल्कुल साफ बात कही है कि 1 इंच जमीन सरकार बिना लोगों के अनुमति के नहीं लेगी, अगर कोई अपने तरफ से जमीन देना चाहता है तो नेगोशिएशन के माध्यम से जमीन ली जाएगी, उसके लिए हम उनका स्वागत करते हैं। इसके इसके मारफत मैंने जो हिमूड़ा के सीईओ है उनसे भी बात करी है क्योंकि ये मेरा निर्वाचन क्षेत्र भी है। मंत्री होने के साथ–साथ मुझे वहां के लोगों की जो समस्याएं हैं। उसका निवारण भी करना है, वो भी सुनना है, हम चाहते हैं कि डेवलपमेंट हो, इसमें कोई दोराये नहीं, शहर आना चाहिए, सैटेलाइट टाउनशिप शिमला के बाहर बनने चाहिए,

इस सैटेलाईट टाउनशिप के लिए 12 सौ बीघा जमीन का अधिग्रहण किया जाना है जबकि 2 सौ 60 जमीन का अधिग्रहण पहले ही किया जा चुका है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार से केन्द्रीय विश्वविद्यालय देहरा कैम्पस में जल्द बिजली उपलब्ध करवाने की मांग की है ताकि इसका उदघाटन हो सके और यहां कक्षाएं आरम्भ हो सकें। जयराम ठाकुर आज केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने अपने 16 वर्ष के सफर में कई उपलब्धियां हासिल की हैं और अब इसके कैम्पस का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। उन्होंने ये भी कहा कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला कैम्पस के लिए भी सरकार प्रभावी कदम उठाए ताकि यहां निर्माण कार्य शुरू हो सके।

बहुत जल्दी हमारा धर्मशाला का जो एक इशू रहता है कैंपस के निर्माण का, उसमें भी प्रगति हो और स्टेट गवर्नमेंट से मैं इस बात के लिए आग्रह करूंगा कि ये कैंपस सब फंक्शनल हो, पावर सप्लाई का एक इशू जो रहता है, उसमें स्टेट गवर्नमेंट को अपना उसमें योगदान करना है, लगभग 8 करोड़ से 10 करोड़ के लगभग जो पैसा उसमें लगेगा तो उसको जल्दी करना चाहिए ताकि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को यहां बुलाकर के इस कैंपस के अंदर बच्चों को पढ़ने का एक एटमॉस्फेयर उसको उपलब्ध करा सकें।

....

भाजपा

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा है कि बिलासपुर में पंजीकरण व लाईसेंसिंग अथॉरिटी कार्यालय में हुए घोटाले ने प्रदेश में कांग्रेस राज में बेलगाम प्रशासन की पोल खोल दी है। त्रिलोक जम्वाल ने आज शिमला में कहा कि इस घोटाले में दिल्ली क्राइम ब्रांच द्वारा एक कर्मचारी की गिरफ्तारी से प्रदेश की छवि खराब हुई है। उन्होंने कहा कि इस घोटाले ने साबित कर दिया है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार जड़ से लेकर शीर्ष तक फैला हुआ है। इस कथित घोटाले में बड़ी संख्या में सैकिंड और थर्ड हैंड वाहनों को फस्ट हैंड दिखाया गया है। त्रिलोक जम्वाल ने आरोप लगाया कि ये घोटाला सरकार के संरक्षण के बिना सम्भव नहीं है।

....

प्रधानमंत्री–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कडी होगी। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। वे नमो ऐप या मायगॉव ओपन फ़ोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। 1922 पर मिस्ड कॉल देकर और एसएमएस के माध्यम से प्रधानमंत्री को अपने सुझाव कल 23 जनवरी तक भेज सकते हैं।

....